## प्रेस संक्षिप्त

### “समुद्र के प्रहरी- सरहर के समंदर, भारतीय तटरक्षक द्वारा मोटरसाइकिल अभियान”

**नई दिल्ली, 19 जनवरी 2025:** भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के 49वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में (आईसीजी) गर्वपूर्वक “समुद्र के प्रहरी-सरहद के समंदर” मोटरसाइकिल अभियान के प्रारंभ की घोषणा करता है। इस ऐतिहासिक आयोजन को 22 जनवरी 2025 को दोपहर 1:30 बजे अमृतसर स्थिति अटारी सीमा से महानिरीक्षक भीष्म शर्मा, पीटीएम, टीएम, कमांडर तटीय सुरक्षा क्षेत्र (पश्चिम) और बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के महानिरीक्षक डॉ. अतुल फुलजेले द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

तटरक्षक के पश्चिमी क्षेत्रीय मुख्यालय द्वारा ट्रायम्फ, मोटरसाइकिल्स लिमिटेड के सहयोग से आयोजित यह प्रतिष्ठित रैली 10 दिनों तक चलेगी और 2,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह मार्ग भारत के सीमावर्ती कस्बों और तटीय शहरों जेसे श्री गंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, उदयपुर, वडोदरा, दमन से होकर गुजरेगा और दिनांक 01 फरवरी 2025 (तटरक्षक दिवस-25) को मुंबई स्थित प्रतिष्ठित गेटवे ऑफ इंडिया पर समाप्त होगा। यह अभियान राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की रक्षा में तटरक्षक के अटूट समर्पण और शौर्य को श्रंद्धाजली है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्र में सर्तकता में तटरक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रतीक है और भारत की गौरवशाली समुद्री विरासत को उजागर करता है। यह रैली राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण जागरूकता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देती है, जो भारत के रक्षा बलों की सामूहिक शक्ति को दर्शाती है।

भारत सरकार के “फिट इंडिया मूवमेंट” के विजन के अनुरूप, इस रैली के दौरान “बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ” और “स्वच्छ भारत अभियान” को प्रमुखता दी जाएगा। यह यात्रा भावनात्मक द्दढ़ता, खुशहाली और टीम वर्क को बढ़ावा देती है। यात्रा के दौरान, आईसीजी के कर्मी रास्ते में पड़ने वाले विभिन्न स्कूलों में छात्रों से बातचीत करेंगे और भारत की समृद्ध समुद्री विरासत से युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाएंगे। यह मोटरसाइकिल रैली भारत के भीतरी इलाकों में रहने वाले देशवासियों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का अवसर प्रदान करती है। विशाल और विविध भूभागों से होकर गुजरने वाली यह यात्रा आईसीजी को भूमि, संस्कृति और लोगों के करीब लाएगी और हमें याद दिलाएगी कि हमारी जड़ें भारत के इतिहास, मूल्यों और परंपरओं की समृद्ध मिट्टी में मजबूती से जमी हुई हैं।

यह अभियान सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग के महत्व को भी रेखांकित करता है साथ टीमवर्क, अनुशासन और रोमांच के मूल्यों पर जोर देता है। यह पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ प्रथाओं का संदेश देते हुए अन्वेषण की भावना का जश्न भी मनाता है। आईसीजी राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने और इस तरह की सार्थक पहलों के माध्यम से जागरूकता और एकता को बढ़ावा देने के अपने मिशन के प्रति द्दढ़ संकल्पित है।